दैनिक भास्कर

गुना भास्कर 10-09-2025

# हिंदुपत महाविद्यालय में चार दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन



राघौगढ़। हिंदुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ में चार दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) किशन यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. ललित नामदेव (कुलसचिव), देवेन्द्र सिंह भडेरिया (डी.सी.डी.सी.), डॉ. मोतीलाल मिश्र (डीन, होम्योपैथी विभाग, राजकोट) एवं संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद सिंह भदौरिया मंचासीन रहे। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में जयवर्धन सिंह ने युवाओं को सकारात्मक सोच और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने महाविद्यालय में निःशुल्क प्रतियोगी कोचिंग कक्षाओं के संचालन का प्रस्ताव भी रखा, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सराहा। मुख्य अतिथि प्रो. किशन यादव ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और समाज सेवा के महत्व पर बल दिया जो विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद सिंह भदौरिया ने अपने वक्तव्य में दीक्षारंभ को एक औपचारिकता नहीं बल्कि विद्यार्थियों के लिए नई दिशा और प्रेरणा का आरंभ बताया। साथ ही उन्होंने आगामी शैक्षणिक योजनाओं की रूपरेखा भी साझा की। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. ज्योति सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bhopal Guna Bhoomi - 10 Sep 2025 - Page

# दीक्षारंभ-2025 दीक्षारंभ का सफल आयोजन



**राघौगढ़।** मंगलवार को चार दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन महाविद्यालय हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़, गुना (म.प्र.) में किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) किशन यादव , कुलगुरू कांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.) एवं विशिष्ट अतिथि (पूर्व कैबिनेट मंत्री) जयवर्धन सिंह , वर्तमान विधायक राघौगढ़ के साथ सम्मानित अतिथि डॉ. ललित नामदेव, कुलसचिव, कांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.) एवं देवेन्द्र सिंह भडेरिया, डी.सी.डी.सी., कांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना, डॉ. मोतीलाल मिश्र, डीन, होम्योपैथी विभाग, राजकोट, गुजरात तथा संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद सिंह भदौरिया के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर माननीय जयवर्धन सिंह ने युवाओं के लिए प्रेरणादायी शब्दों से नई दिशा प्रदान की साथ ही महाविद्यालय में निःशुल्क प्रतियोगी अतिरिक्त कक्षाओं (कोचिंग) के संचालन का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) किशन यादव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला, आपने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहने को कहा, प्राचार्य प्रो. (डॉ) विनोद सिंह भदौरिया ने आगामी शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि दीक्षारम्भ केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के लिये एक नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करने का अवसर है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. ज्योति सिंह ने सभी सम्मानित अतिथियों, प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, सभी प्राध्यापकगण एवं समस्त हिन्दुपत महाविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य का आभार माना।

वाली मु
से पुलि
याताया
वाहन
पुलिस
सितंबर
विशेष
गुना पु
अभिया
नियमों
चालकों
के साथ
पर य
जागरू
जाने हे
निर्देशि
अभिया

## स
## उ



समा
कोशि
प्रेरणा
निराश्रि
कर
समाज
जानक
समाज
की सु


Hindupat Institute of Teacher Training, Raghogarh
दीक्षारंभ
RAGHOGARH




Hindupat Institute of Teacher Training, Raghogarh
दीक्षारंभ
2025
















Hindupat Institute of Teacher Training, Raghogarh
दीक्षारंभ
2025
HINDUPAT INSTITUTE OF TEACHER TRAINING
RAGNOGARH


Hindupat Institute of Teacher Training, Raghogarh
दीक्षारंभ
RAGHOGARH


Hindupat Institute of Teacher Training, Raghogarh
Students Induction Programme of Session : 2025-26
Date : 9th September 2025
Time :- 11:00 am
दीक्षारंभ
2025